भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 594

20 जुलाई, 2022 को उत्तर के लिए

घरेलू उत्पादन

594. श्री रामचरण बोहरा:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में इस्पात की खपत में घरेलू उत्पाद की हिस्सेदारी घट रही है जबकि पिछले कुछ वर्षों के दौरान देश में आयात के हिस्से में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार इस्पात की खपत में आयात के हिस्से को कम करने के लिए सीमा शुल्क बढ़ाने पर विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) से (घ): जी नहीं। विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान तैयार इस्पात की खपत में घरेलू उत्पादन तथा आयात की हिस्सेदारी के निम्नलिखित ब्यौरे से इंगित होता है कि तैयार इस्पात की खपत में घरेलू उत्पादन का हिस्सा बढ़ रहा है:

वर्ष	**खपत (एमटी में)**			**खपत में आयात की % हिस्सेदारी**	**खपत में घरेलू उत्पादन की % हिस्सेदारी**
	कुल	**आयात की हिस्सेदारी**	**घरेलू उत्पादन की हिस्सेदारी**		
2019-20	100.17	6.77	93.40	6.8 %	93.2 %
2020-21	94.89	4.75	90.14	5.0 %	95.0 %
2021-22	105.75	4.67	101.08	4.4 %	95.6 %
2022-23 (अप्रैल-जून*)	27.69	1.17	26.52	4.2 %	95.8 %
स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी), एमटी: मिलियन टन, *अनंतिम					

****